# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–7900/25 दिनांक–04.09.25

अति आवश्यक / महत्वपूर्ण / समयबद्ध

सेवा में,

**प्रधानाचार्य / प्रबन्धक,**
समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–जी0एन0एम0, ए0एन0एम0, समस्त पैरामेडिकल एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी प्रशिक्षणों की मुख्य / पूरक परीक्षाऐं माह सितम्बर–2025 की परीक्षा शुल्क जमा करने से वंचित रह गये छात्र / छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा कराने का अन्तिम अवसर।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–5573 / 25 दिनांक 20.06.2025, पत्र सख्या–5950 / 25 दिनांक 02.07.2025, पत्र संख्या–6171 / 25 दिनांक 10.07.2025, पत्र संख्या–6307 / 25 दिनांक 14.07.2025, पत्र संख्या–6415 / 25 दिनांक 17.07.2025, पत्र संख्या–6448 / 25 दिनांक 18.07.2025 के क्रम में पत्र संख्या–6651 / 25 दिनांक 24.07.2025 एवं पत्र सख्या–8731 / 25 दिनांक 29.07.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें। जिसके अन्तर्गत छात्र / छात्राओं के हित को दृष्टिगत रखते हुए अर्ह छात्र / छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु पोर्टल दिनांक 31.07.2025 सायं 05:00 बजे तक खोला गया था तथा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से दिनांक 18.08.2025 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 21.08.2025 सायं 05:00 बजे तक इस कार्यालय में परीक्षा शुल्क जमा करने का अवसर प्रदान किया गया था।

कतिपय प्रशिक्षण संस्थान जिनके अर्ह छात्र / छात्राओं का परीक्षा शुल्क जमा करने से वंचित रह गये हैं, ऐसे प्रशिक्षण संस्थानों को अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। **दिनांक 08.09.2025 सायं 04:00 बजे तक** कार्यालय कार्य दिवस में अर्ह छात्र / छात्राओं का कुल परीक्षा शुल्क **"सचिव, उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ"** के पक्ष में देय एक बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से इस कार्यालय में प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 08.09.2025 सायं 04:00 बजे के उपरान्त किसी भी दशा में परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव।